# बाबा का दरबार देख ले | By Mayank Aggarwal

तेरे हाथों की लकीर बदलेगा
तेरी सोई तक़दीर बदलेगा
तू आके एक बार देख ले
सारी दुनिया में नहीं कोई ऐसा
बाबा का दरबार देख ले
बाबा का दरबार देख ले
सारी दुनिया में नहीं कोई ऐसा
श्याम दरबार देख ले, खाटू का दरबार देख ले .......

हाथ है हज़ार ये तो बड़ा शक्तिशाली है
खाटू वाले सांवरे की महिमा निराली है
तेरी नैया को देगा किनारा
और तुमको मिलेगा सहारा
तू आके चमत्कार देख ले
सारी दुनिया में नहीं कोई ऐसा
बाबा का दरबार देख ले
बाबा का दरबार देख ले
सारी दुनिया में नहीं कोई ऐसा खाटू का दरबार देख ले .
श्याम दरबार देख ले, खाटू का दरबार देख ले .......

जब भी बुलाओ बाबा आने को तैयार है
हर घडी हर पल लीले पे सवार है
श्याम बाबा को जब तू बुलाएगा
अपने सामने तू इसको पायेगा
बुला के एक बार देख ले
सारी दुनिया में नहीं कोई ऐसा
बाबा का दरबार देख ले
बाबा का दरबार देख ले
सारी दुनिया में नहीं कोई ऐसा
श्याम दरबार देख ले, खाटू का दरबार देख ले .......

बनवारी बांटता है प्यार का खज़ाना
श्याम जी के चरणों में ढूंढ ले ठिकाना
गर थोड़ा सा भी झोली में गिरेगा
तेरा हर काम बन के रहेगा
तू ऐसा दातार देख ले
सारी दुनिया में नहीं कोई ऐसा
बाबा का दरबार देख ले
बाबा का दरबार देख ले
सारी दुनिया में नहीं कोई ऐसा
श्याम दरबार देख ले, खाटू का दरबार देख ले .......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96-%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-mayank-aggarwal/